Roll No.---------------------

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>Question Booklet No. |
| --- |

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>Question Booklet Series<br>**C** |
| --- |

# B.A.LL.B (Sixth Semester) Examination, January-2022

## B.A.LL.B606 (PAPER-VI)

## LAW OF EVIDENCE

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वाइंट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**352**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. What is the provision of relating to an accomplice ?
   (A) He is not a competent witness
   (B) Evidence given by him is irrelevant
   (C) Evidence given by his is liable to be blindly faithful
   (D) His Evidence is relevant under section 114 and 133 of Evidence Act.

1. एक सह–अपराधी के सम्बन्ध में क्या प्रावधान है ?
   (A) वह एक सक्षम साक्षी नही है
   (B) उसके द्वारा दिया गया साक्ष्य असंगत है
   (C) उसके साक्ष्य को आँख मूंदकर विश्वास करना चाहिए
   (D) उसका साक्ष्य धारा 114 एवं 133 साक्ष्य विधि के अर्न्तगत सुसंगत है।

2. The words Relevancy and admissibility under Evidence Act is -
   (A) Synonyms
   (B) Co Extensive
   (C) Neither Synonyms nor Coextensive
   (D) Both Synonyms and Co-extensive

2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में सुसंगता एवं ग्राहयता शब्दावली है –
   (A) समानार्थी
   (B) समविस्तीर्ण
   (C) न तो समानार्थी न ही समविस्तीर्ण
   (D) समानार्थी एवं समविस्तीर्ण दोनो

3. The use of recorded statement by the Investigation officer under sec 161 C.R.P.C in Evidence is for -
   (A) For contradiction
   (B) For Corroboration
   (C) Refreshing the memory of witness
   (D) None of these

3. धारा 161 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अर्न्तगत अन्वेषण अधिकारी द्वारा लेखबद्ध कथन का उपयोग –
   (A) खण्डन के लिए
   (B) संपुष्टि के लिए
   (C) साक्षी मे याद्दाश्त को ताजा करने हेतु
   (D) इनमे से कोई नही

4. In which section of Evidence Act, question which is not relevant in case or proceeding but relates to the subject may asked, provides -
   (A) Sec146
   (B) Sec 147
   (C) Sec 148
   (D) Such question may not be asked.

4. भारतीय साक्ष्य अधिनियम मे उस विषय से संबन्धित प्रश्न पूछे जा सकते है जो कि वाद या कार्यवाहियो मे सुसंगत नही है –
   (A) धारा 146 मे
   (B) धारा 147 मे
   (C) धारा 148 मे
   (D) ऐसे प्रश्न पूछे नही जा सकते

5. Which of the section of Evidence Act provide regarding the principle that 'no new trial for improper admission or rejection of Evidence.
(A) Sec 166
(B) Sec 165
(C) Sec 167
(D) Sec 161

6. Under Sec 165 of Indian Evidence Act 1872, court can ask the question-
(A) Any parties and any witness
(B) Any person who is not a party of the case
(C) Legal representative of the parties of the case
(D) None of these

7. Under Indian Evidence Act, The statement of Hostile witness
(A) Irrelevant
(B) May be considered
(C) May not be considered
(D) Not have any evidentiary value

8. When Prosecution may allow to ask leading question of his witness
(A) Examination in chief
(B) When witness become Hostile
(C) In Re-examination
(D) Not in any circumstances

5. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा यह उपबन्ध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नही होगा।
(A) धारा 166
(B) धारा 165
(C) धारा 167
(D) धारा 161

6. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 165 मे न्यायालय प्रश्न पूछ सकता है –
(A) किसी पक्षकार व साक्षी से
(B) अपक्षकार से
(C) मामले के पक्षकार के विधिक प्रतिनिधि से
(D) उपरोक्त किसी से नही

7. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत पक्ष–द्रोही साक्षी का कथन –
(A) असंगत है
(B) आधारित किया जा सकता है
(C) आधारित नही किया जा सकता है
(D) कोई साक्ष्यात्मक महत्व नही है।

8. अभियोजन पक्ष को अपने साक्षी से सूचक प्रश्न पूछने की अनुमति कब दी जा सकती है ?
(A) मुख्य परीक्षा में
(B) जब साक्षी को पक्ष–द्रोही घोषित किया जाय
(C) पुनः परीक्षा में
(D) किसी भी परिस्थिति मे नही

9. What is the correct order of examination of witness ?
   (A) Examination in chief Re-Examination and crass examination
   (B) Examination in chief, crass examination and Re-examination
   (C) Re-examination, Crass examination and examination in chief
   (D) None of these

9. साक्षियो की परीक्षाओं का सही क्रम क्या है ?
   (A) मुख्य परीक्षा पुनः परीक्षा, प्रति परीक्षा
   (B) मुख्य परीक्षा, प्रति परीक्षा, पुनः परीक्षा
   (C) पुनः परीक्षा, प्रति परीक्षा, मुख्य परीक्षा
   (D) उपरोक्त मे से कोई नही

10. Under which section of Indian Evidence Act, Order of examination of witness in given ?
   (A) Sec 140
   (B) Sec 139
   (C) Sec 138
   (D) Sec 137

10. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अर्न्तगत परीक्षाओ का क्रम उपबन्धित किया गया है ?
   (A) धारा 140
   (B) धारा 139
   (C) धारा 138
   (D) धारा 137

11. Under Evidence Act leading Question may generally be asked in -
   (A) In Crass Examination
   (B) In Examination in chief
   (C) In Re-Examination
   (D) None of these

11. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अधीन सूचक प्रश्न सामान्यतया पूछे जा सकते है –
   (A) प्रति परीक्षा मे
   (B) मुख्य परीक्षा मे
   (C) पुनः परीक्षा मे
   (D) उपरोक्त किसी मे नही

12. After the crass-Examination of a witness, the examination of the said witness by the party who called his is known as -
   (A) Examination in chief
   (B) Additional examination
   (C) Re - examination
   (D) Re - Crass - examination

12. किसी साक्षी की प्रतिपरीक्षा के बाद उसकी उस पक्षकार द्वारा जिसने उसे बुलाया था, परीक्षा उसकी –
   (A) मुख्य परीक्षा है
   (B) अतिरिक्त परीक्षा है
   (C) पुनः परीक्षा है
   (D) पुनः प्रतिपरीक्षा है

13. In which section of the Evidence Act provides that court shall determine the admissibility of a fact ?
(A) Sec 5
(B) Sec 23
(C) Sec 136
(D) Sec 148

14. To prove any fact the number of witness must be -
(A) Two
(B) One
(C) Three
(D) Not any specified number is prescribed

15. Who is not an accomplice in the following ?
(A) Pash (Trap) witness
(B) Rape Victim
(C) Eye witness of murder
(D) All of the above

16. Who is an accomplice ?
(A) Guptchar (Scout)
(B) The person who give bribe due to harassment
(C) Rape Victim
(D) Prostitute

13. साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा प्रावधान करती है कि न्यायाधीश ग्राहयता के वरि मे निश्चय करेगा ?
(A) धारा 5
(B) धारा 23
(C) धारा 136
(D) धारा 148

14. किसी तथ्य को सिद्ध करने के लिए साक्षियों की संख्या होनी चाहिए।
(A) दो
(B) एक
(C) तीन
(D) कोई विशिष्ट संख्या अपेक्षित नही है

15. निम्नलिखित मे कौन सह–अपराधी नही है ?
(A) पाश (ट्रेप) साक्षी
(B) एक लड़की जिसका बलात्कार हुआ है
(C) हत्या का प्रत्यक्षदर्शी साक्षी
(D) उपरोक्त सभी

16. निम्नलिखित में से कौन सह–अपराधी है ?
(A) गुप्तचर
(B) उत्पीड़न के कारण रिश्वत देने वाला व्यक्ति
(C) बलात्संग की पीड़िता लड़की
(D) वेश्या

17. Which of the following section is an exception to sec 23 of Evidence Act ?
(A) Sec 126
(B) Sec 162
(C) Sec 125
(D) Sec 152

18. Which of the following section related to professional communication of pleader-
(A) Sec 128 only
(B) Sec 130 only
(C) Sec 131 and 134
(D) Sec 126 and 127

19. Which mach of the following is not correct ?
(A) Enemy Eye witness – Sec 154
(B) Duty to proof ownership – Sec 110
(C) Refressing the memory – Sec 159
(D) conducting the business – Sec 124

20. "Sprit of Public welfare is supreme Law" is incorporated in which section of Evidence Act ?
(A) Sec 119
(B) Sec 120
(C) Sec 115
(D) Sec 123

17. निम्नलिखित में से कौन सी धारा साक्ष्य विधि की धारा 23 के लिए एक अपवाद है ?
(A) धारा 126
(B) धारा 162
(C) धारा 125
(D) धारा 152

18. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित मे से कौन सी धारा/धारायें 'प्लीडर की वृत्तिक' संसूचनाओ से सम्बन्धित है ?
(A) केवल धारा 128
(B) केवल धारा 130
(C) धारा 131 व 134
(D) धारा 126 व 127

19. निम्नलिखित मे से कौन सा मिलान सही नही है ?
(A) शत्रुतापूर्ण प्रत्यक्षदर्शी – धारा 154
(B) स्वामित्व के प्रमाण देने का दायित्व – धारा 110
(C) स्मरण शक्ति का ताजा करना – धारा 159
(D) यवसाय संचार – धारा 124

20. "साक्ष्य विधि की किस धारा में लोक कल्याण की भावना सर्वोच्च विधि है" सूत्र को समाहित किया गया है ?
(A) धारा 119
(B) धारा 120
(C) धारा 115
(D) धारा 123

21. Principle of Estoppel is a -
(A) Substantive Law
(B) Law of Equity
(C) Rule of Evidence
(D) Rule regarding pleadings

22. Principle regarding 'Estoppel' is given under following section of Evidence Act -
(A) Sec 115
(B) Sec 117
(C) Sec 118
(D) Sec 114

23. Under Sec 114 – a the presumption is -
(A) Revocable presumption
(B) Presumption of fact
(C) Joint presumption of Laws fact
(D) Irrevocable presumption of Law

24. Under which section of the Evidence Act presumption regarding dowry–death is provided-
(A) Sec 111-A
(B) Sec 113 - A
(C) Sec 113 - B
(D) Sec 113

25. Which one of the following is not a type of presumption -
(A) Presumption of fact
(B) Presumption of Law
(C) Imaginary presumption
(D) Mixed presumption of fact & Law

21. निबन्ध का सिद्धान्त है एक –
(A) मौलिक विधि
(B) साम्या का विधि
(C) साक्ष्य का नियम
(D) अभिवचनो की विधि

22. साक्ष्य अधिनियम में 'विबन्ध' से सम्बन्धित उपबन्ध दिया गया है –
(A) धारा 115 मे
(B) धारा 117 मे
(C) धारा 118 मे
(D) धारा 114 मे

23. धारा 114–क के अर्न्तगत उपधारणा है, एक –
(A) खण्डनीय उपधारणा
(B) तथ्य की उपधारणा
(C) विधि एवं तथ्य की संयुक्त उपधारणा
(D) विधि की अखण्डनीय उपधारणा

24. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा मे दहेज मृत्यु के बारे मे उपधारणा प्रावधानित है?
(A) धारा 111-A
(B) धारा 113 - A
(C) धारा 113 - B
(D) धारा 113

25. निम्नलिखित मे से कौन उपधारणाओं के प्रकार में नही आते –
(A) तथ्य की उपधारणा
(B) विधि की उपधारणा
(C) काल्पनिक उपधारणाए
(D) विधि एवं तथ्य की मिश्रित उपधारणाए

26. Sec 112 of the Evidence Act came into force when disputes relates to-
(A) Maternity of a child
(B) Paternity of a child
(C) (A) and (B) both
(D) None of these

26. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 112 लागू होती है जब विवाद का सम्बंध –
(A) बच्चे के मातृत्व से हो
(B) बच्चे के पितृत्व से हो
(C) दोनो (A) तथा (B) से हो
(D) उपरोक्त किसी से नही

27. 'Presumption regarding alive' of a person is given under sec -
(A) Sec 108
(B) Sec 106
(C) Sec 104
(D) Sec 107

27. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा मे 'जीवित होने की उपधारणा' वर्णित है –
(A) धारा 108
(B) धारा 106
(C) धारा 104
(D) धारा 107

28. Burden of proving madness is lies on -
(A) On procreation
(B) On Accused
(C) On mother & father
(D) On doctor who treated the accused

28. पागलपन को सिद्ध करने का भार होता है –
(A) अभियोजन पर
(B) अभियुक्त पर
(C) माता – पिता पर
(D) अभियुक्त की देखभाल करने वाले डॉक्टर पर

29. Under sec 102 of the evidence Act the burden of proof -
(A) Seldom shifted
(B) Never Shifted
(C) Shifted continuously
(D) None of these

29. साक्ष्य विधि की धारा 102 के अधीन सबूत का भार –
(A) कभी – कभी बदलता है
(B) कभी नही बदलता है
(C) लगातार बदलता है
(D) इनमे से कोई नही

30. Burden of Evidence lies to that person who -
(A) Who negatively claim the facts
(B) Who positively claims the facts
(C) (A) & (B) both
(D) None of these

30. साक्ष्य का भार उस व्यक्ति पर होता है–
(A) जो तथ्यो का नकारात्मक दावा करता है
(B) जो तथ्यो का सकारात्मक दावा करता है
(C) (A) और (B) दोनो
(D) उपरोक्त में कोई नही

31. The fact which is to be proved is called as -
(A) Factum probena
(B) Factum probandum
(C) Lex Fori
(D) Lex Loci

32. To whom burden of proof lies to proved a crime ?
(A) On procreation
(B) On Accused
(C) On both
(D) On the discretion of the court

33. What type of presumption can made by the Court under sec 85 –a of the evidence Act ?
(A) Written agreement
(B) Oral Agreement
(C) Electronically made agreement
(D) None of these are true

34. 'Public document' is provided under which section of evidence Act.
(A) Sec 73
(B) Sec 74
(C) Sec 75
(D) Sec 76

35. Which of the following is not a secondary evidence ?
(A) Attested Copy
(B) Copy prepared by original
(C) Where many documents are prepared by uniform procedure
(D) Compared copy of original

31. जिस तथ्य को साबित करना है, उसे कहते है–
(A) फैक्टम प्रोवेना
(B) फैक्टम प्रोवेन्डम
(C) लेक्स फोरी
(D) लेक्स लोसी

32. किसी अपराध को सिद्ध करने का भार किस पर होता है ?
(A) अभियोजन पक्ष पर
(B) अभियुक्त पर
(C) दोनो पर
(D) न्यायालय मे विवेक पर

33. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 85 – क के अर्न्तगत न्यायालय द्वारा किस प्रकार की उपधारणा की जा सकेगी ?
(A) लिखित करार
(B) मौखिक करार
(C) इलेक्ट्रानिक करार
(D) इनमें से कोई सही नही है

34. साक्ष्य अधिनियम की किस धारा मे लोक–दस्तावेज का प्रावधान है ?
(A) धारा 73
(B) धारा 74
(C) धारा 75
(D) धारा 76

35. इनमे से कौन द्वितीयक साक्ष्य नही है –
(A) प्रमाणित प्रति
(B) मूल से बनाई गई प्रति
(C) जहाँ अनेक दस्तावेज एक रूपात्मक प्रक्रिया से बनाए गये है
(D) मूल से तुलना की गई प्रतिया

36. Content of a document may be proved by -
(A) Secondary Evidence
(B) Primary Evidence
(C) (A) and (B) both
(D) All of the above are false.

36. दस्तावेजो की अन्तर्वस्तु सिद्ध की जा सकेगी–
(A) द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(B) प्राथमिक साक्ष्य द्वारा
(C) (A) एवं(B) दोनो द्वारा
(D) उपरोक्त सभी असत्य है।

37. Example of Supreme evidence -
(A) Sec 60
(B) Sec 64
(C) Sec 91
(D) Sec 164

37. सर्वोत्तम साक्ष्य नियम का उदाहरण है –
(A) धारा 60
(B) धारा 64
(C) धारा 91
(D) धारा 164

38. Instead of content of a document, every facts will be proved -
(A) By primary evidence
(B) By Secondary evidence
(C) By Oral evidence
(D) By Circumstantial evidence

38. दस्तावेजो की अन्तर्वस्तु के सिवाय सभी तथ्य साबित किए जायेगे–
(A) प्राथमिक साक्ष्य से
(B) द्वितीयक साक्ष्य से
(C) मौखिक साक्ष्य से
(D) परिस्थित जन्य साक्ष्य से

39. Which section of the evidence Act says that 'Admitted facts need not be proved' ?
(A) Sec 18
(B) Sec 21
(C) Sec 55
(D) Sec 58

39. निम्न मे से भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा कहती है, स्वीकृत तथ्यों को साबित करने की आवश्यकता नही होती है ?
(A) धारा 18
(B) धारा 21
(C) धारा 55
(D) धारा 58

40. In which section of the Evidence Act, "Hearsay Evidence is no evidence " is recognized ?
(A) Sec 60
(B) Sec 64
(C) Sec 91
(D) Sec 92

40. निम्न मे से साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा अनुश्रुत साक्ष्य, साक्ष्य नही है के सिद्धान्त को मान्यता प्रदान करती है ?
(A) धारा 60
(B) धारा 64
(C) धारा 91
(D) धारा 92

41. "The statement that Court must take Judicial notice of certain facts" is provided under following Section of Evidence Act.

(A) Sec 57

(B) Sec 67

(C) Sec 68

(D) Sec 69

41. साक्ष्य विधि की किस धारा मे यह कहा गया है कि कुछ तथ्यो की न्यायालय न्यायिक अवेक्षा करेगा।

(A) धारा 57

(B) धारा 67

(C) धारा 68

(D) धारा 69

42. According to Law of Evidence. the fact which the Court take into account as judicially noticeable __

(A) Must be proved

(B) Must optional to be proved

(C) Need not be proved

(D) It is good to proved that fact

42. साक्ष्य विधि के अनुसार जिस तथ्य की न्यायालय न्यायिक अवेक्षा करेगा ..........

(A) उसे साबित करना आवश्यक है

(B) उसे साबित करना वैकल्पिक है

(C) उसे साबित करना आवश्यक नही है

(D) उसे साबित करना अच्छा है

43. Character as affecting damages, is discuss in which section of the Evidence Act ?

(A) Sec 55

(B) Sec 56

(C) Sec 57

(D) Sec 58

43. नुकसानी पर प्रभाव डालने वाला शील को साक्ष्य विधि की किस धारा में विवेचना की गई है ?

(A) धारा 55

(B) धारा 56

(C) धारा 57

(D) धारा 58

44. Under which section of the evidence Act previous good character become relevant in a criminal case relevant ?

(A) Sec 18

(B) Sec 26

(C) Sec 49

(D) Sec 53

44. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्न धाराओ मे से किस धारा में पूर्ववर्ती सद्चरित्र अपराधिक प्रकरणों में सुसंगत माना जाता है ?

(A) धारा 18 में

(B) धारा 26 मे

(C) धारा 49 मे

(D) धारा 53 मे

45. Under which section of the Act, the evidence of character of a victim under sec 376 of I.P.C is not relevant ?
(A) Sec 53 - a
(B) Sec 114 - a
(C) Sec 53
(D) Sec 119

45. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 के अपराध मे पीड़ित के शील का साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सुसंगत नही है ?
(A) धारा 53 – क
(B) धारा 114 – क
(C) धारा 53
(D) धारा 119

46. Which of the following right can not be established by giving customary evidence ?
(A) Civil rights
(B) Easements
(C) Customary rights
(D) Criminal rights

46. प्रथा का साक्ष्य निम्न मे से किसे स्थापित करने हेतु नही दिया जा सकता है ?
(A) दीवानी अधिकार
(B) सुखाधिकार
(C) प्रथागत अधिकार
(D) अपराधिक अधिकार

47. Who is an expert under Indian Evidence Act ?
(A) Hand writing expert
(B) Finger print expert
(C) Ballistic expert
(D) All the above

47. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत निम्न में से कौन विशेषज्ञ है ?
(A) हस्तलेख विशेषज्ञ
(B) अंगुली चिन्ह विशेषज्ञ
(C) वैलेस्टिक विशेषज्ञ
(D) उपरोक्त सभी

48. Disputed hand writing may be proved by -
(A) By Hand writing Export
(B) By producing evidence of person who known the writing of the writer.
(C) By Comparing two proved hand writing and disputed hand writing.
(D) All the above

48. विवादास्पद हस्तलेख प्रमाणित कराया जा सकता है –
(A) हस्तलेख विशेषज्ञ द्वारा
(B) विवादास्पद दस्तावेज के लेखक की हस्तलेख से परिचित व्यक्ति को साक्ष्य मे पेशकर
(C) दो स्वीकृत एवं विवादास्पद दस्तावेज की तुलना से
(D) उपरोक्त सभी

49. The evidence discovered by the Investigative dog is come with in the ambit of ?

(A) Oral Evidence
(B) Documentary Evidence
(C) Hearsay evidence
(D) Scientific Evidence

49. खोजी कुत्ते द्वारा खोजा साक्ष्य किस श्रेणी मे आता है ?

(A) मौखिक साक्ष्य
(B) दस्तावेजी साक्ष्य
(C) अनुश्रुत साक्ष्य
(D) वैज्ञानिक साक्ष्य

50. Under Sec 45 of the Evidence Act, Expert opinion is ________.

(A) conclusive proof
(B) Not relevant
(C) Not admissible
(D) Not a Conclusive proof

50. धारा 45 साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत विशेषज्ञ की राय है ..........।

(A) निश्चयात्मक प्रमाण
(B) सुसंगत नही है
(C) ग्राहय नही है
(D) यह निश्चयात्मक प्रमाण नही है।

51. Under Sec 41 of the Evidence Act, these provides a presumption relating to ?

(A) Presumption of fact
(B) Revocable presumption of Law
(C) Presumption of Law and fact
(D) Irrevocable presumption of Law

51. भारतीय साक्ष्य विधि की धारा 41 में वर्णित उपधारणा है ?

(A) तथ्य की उपधारणा
(B) विधि की खण्डनीय उपधारणा
(C) तथ्य और विधि की उपधारणा
(D) विधि की अखण्डनीय उपधारणा

52. In which section of Evidence Act Previous judgment relevant to bar a second Suit or trial ?

(A) Sec 39
(B) Sec 40
(C) Sec 11
(D) Sec 42

52. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अर्न्तगत द्वितीय वाद या विचारण के वर्जन हेतु पूर्व निर्णय सुसंगत है ?

(A) धारा 39
(B) धारा 40
(C) धारा 11
(D) धारा 42

53. Which one of the following section of Evidence Act is Substituted by Information Technology Act 2000 ?
(A) Sec 29
(B) Sec 35
(C) Sec 39
(D) Sec 40

53. भारतीय साक्ष्य विधि की निम्नलिखित किस धारा को सूचना प्रौधौगिकी अधिनियम 2000 के द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है ?
(A) धारा 29
(B) धारा 35
(C) धारा 39
(D) धारा 40

54. Pakala Narayan Swami Vs Emperor relates with -
(A) Principle of Estopel
(B) Accomplice
(C) Dying Declaration
(D) Cross Examination

54. पकला नारायन स्वामी बनाम एम्परर का वाद सम्बन्धित है
(A) विबंधन के सिद्धान्त से
(B) सह–अपराधी से
(C) मृत्युकालिक कथन से
(D) प्रतिपरीक्षण से

55. Dying Declaration is not admissible as an evidence if it is -
(A) Incomplete
(B) Oral
(C) Recorded by police officer
(D) Express by gesture

55. मृत्युकालिक कथन साक्ष्य के रूप मे अग्राहय होता है यदि वह –
(A) अपूर्ण है
(B) मौखिक है
(C) पुलिस अधिकारी द्वारा अभिलिखित है
(D) संकेतो द्वारा अभिव्यक्त है

56. Declaration made in course of business is admissible under section -
(A) Sec 32 (7)
(B) Sec 32 (2)
(C) Sec 32 (4)
(D) Sec 32 (1)

56. साक्ष्य विधि में कारोबार के अनुक्रम मे की गयी घोषणा ग्राहय है –
(A) धारा 32 (7) में
(B) धारा 32 (2) में
(C) धारा 32 (4) में
(D) धारा 32 (1) में

57. Which provision of Evidence Act provides the rule of Exception against hearsay evidence ?
(A) Sec 17-39
(B) Sec 32-33
(C) Sec 34-35
(D) All of the above

57. साक्ष्य अधिनियम का कौन सा प्रावधान अनुश्रुत साक्ष्य के नियम को अपवादित करता है ?
(A) धाराए 17–39 तक
(B) धाराए 32–33 तक
(C) धाराए 34–35 तक
(D) उपरोक्त सभी धाराए

58. In which section of Indian Evidence Act the provision of Dying Declaration is given ?

(A) Sec 32 (4)

(B) Sec 32 (1)

(C) Sec 32 (7)

(D) Sec 32 (8)

58. मृत्युकात्तिक घोषणा का प्रावधान भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में दिया गया है ?

(A) धारा 32 (4)

(B) धारा 32 (1)

(C) धारा 32 (7)

(D) धारा 32 (8)

59. Confession made by an accused against other Co-accused is relevant under sec ______ of evidence Act-

(A) Sec 26

(B) Sec 27

(C) Sec 30

(D) Sec 29

59. एक अभियुक्त द्वारा की गई संस्वीकृति दूसरे सह–अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सुसंगत है –

(A) धारा 26

(B) धारा 27

(C) धारा 30

(D) धारा 29

60. Confession of a Co-accused is considered as an evidence -

(A) Adequate Evidence

(B) Weak evidence

(C) Completely believable evidence

(D) Substantive evidence

60. सह–अभियुक्त की स्वीकारोक्ति साक्ष्य के रूप मे माना जाता है–

(A) पर्याप्त साक्ष्य

(B) कमजोर साक्ष्य

(C) पूर्णतः विश्वसनीय साक्ष्य

(D) सारभूत साक्ष्य

61. Extrajudicial confession means that confession which -

(A) Made in court before the magistrate

(B) Made before the police officer

(C) Made before the doctor

(D) None of these

61. न्यायिकेत्तर संस्वीकृति का अर्थ है वह संस्वीकृति जो –

(A) न्यायालय मे मजिस्ट्रेट के समक्ष की गयी है

(B) पुलिस अधिकारी से की गई है

(C) डाक्टर से की गई है

(D) उपरोक्त मे से कोई नही

62. Confession made under removal of Impression caused by inducement, Threat or promise is relevant under-
(A) Sec 28 of Evidence Act
(B) Sec 24 of Evidence Act
(C) Sec 29 of Evidence Act
(D) Sec 30 of Evidence Act

62. प्रलोभन धमकी या वचन से पैदा हुए मन पर प्रभाव के दूर हो जाने के पश्चात की गयी संस्वीकृति –
(A) धारा 28 मे सुसंगत है
(B) धारा 24 मे सुसंगत है
(C) धारा 29 मे सुसंगत है
(D) धारा 30 मे सुसंगत है

63. In which case court decided the Validity of Sec 27 of EvidenceAct under the provision of Art 14 of the constitution?
(A) Ashok Kumar Maheswari Vs State of U.P
(B) Mirza Akbar Vs king Emperor
(C) State of U.P Vs Devman Uppadhya
(D) Moh. Inaytullah Vs State of Maharastra

63. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 अर्न्तगत किस प्रकरण मे वैध घोषित किया गया है?
(A) अशोक कुमार माहेश्वरी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(B) मिर्जा अकबर बनाम किंग राज्य
(C) स्टेट ऑफ यू0पी0 बनाम देवमन उपाध्याय
(D) मो0 इनायतुल्ला बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र

64. In which section of Evidence Act, Confession made before a police office is not admissible ?
(A) Sec 25
(B) Sec 27
(C) Sec 41
(D) Sec 17

64. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा मे पुलिस के समक्ष दी गयी संस्वीकृति ग्राहय नही होती है ?
(A) धारा 25
(B) धारा 27
(C) धारा 41
(D) धारा 17

65. A Confession is irrelevant in a criminal proceeding of -
(A) When it is caused by inducement
(B) When it is caused by threat
(C) (A) and (B) both
(D) None of these

65. दाण्डित कार्यवाही में संस्वीकृति विसंगत है –
(A) जब यह उत्प्रेरणा द्वारा कराई गयी है
(B) जब यह धमकी या वचन द्वारा कराई गई है
(C) (A) और (B) दोनो
(D) उपरोक्त में से कोई नही

66. Which of the following section of the Evidence Act is deals only with civil Law ?
(A) Sec 19
(B) Sec 20
(C) Sec 21
(D) Sec 23

66. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा केवल सिविल मामले से सम्बन्धित है ?
(A) धारा 19
(B) धारा 20
(C) धारा 21
(D) धारा 23

67. In which section of Evidence Act, this rule is provided that under certain circumstance Admission is proved by the person making such admission or proved by his side ?
(A) Sec 18
(B) Sec 19
(C) Sec 20
(D) Sec 21

67. भारतीय साक्ष्य अधिनियम किस धारा में यह नियम प्रतिपादित किया गया है कि कुछ परिस्थितियों में स्वीकृति उसे करने वाले व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से साबित की जा सकती है ?
(A) धारा 18
(B) धारा 19
(C) धारा 20
(D) धारा 21

68. Under Indian Evidence Act who can make Admission ?
(A) Witness of the proceeding
(B) Parties of the proceeding
(C) Any other party
(D) Court

68. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत स्वीकृत कौन कर सकता है ?
(A) कार्यवाही से सम्बन्धित गवाह
(B) कार्यवाही से सम्बन्धित पक्षकार
(C) एक अन्य पक्षकार
(D) न्यायालय

69. Admission is a statement -
(A) Oral
(B) Documentary
(C) Electronically
(D) All the Above

69. स्वीकृति एक कथन है –
(A) मौलिक
(B) दस्तावेजी
(C) इलेक्ट्रानिक रूप से अर्न्तविष्ट
(D) उपरोक्त सभी

70. "A is accused of receiving stolen goods knowing them to be stolen", this is an illustration of -
(A) Sec 8 of Evidence Act
(B) Sec 12 of Evidence Act
(C) Sec 14 of Evidence Act
(D) Sec 13 of Evidence Act

70. 'क' चुराया हुआ माल, यह जानते हुए कि वह चोरी का है प्राप्त करने का अभियुक्त है। उपरोक्त दृष्टान्त है –
(A) साक्ष्य विधि की धारा 8 का
(B) साक्ष्य विधि की धारा 12 का
(C) साक्ष्य विधि की धारा 14 का
(D) साक्ष्य विधि की धारा 13 का

71. 'State of mind' under sec 14 of Indian Evidence Act, Means ____
(A) Intention
(B) Knowledge
(C) Good faith
(D) All of the above

71. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 14 के अर्न्तगत प्रयुक्त शब्द 'मन की दशा' प्रकट करती है –
(A) आशय को
(B) ज्ञान को
(C) सद्भाव को
(D) ये सभी

72. Mirza Akbar Vs King Emperor relates to -
(A) Sec 9
(B) Sec 10
(C) Sec 11
(D) Sec 13

72. मिर्जा अकबर बनाम किंग एम्परर सम्बद्ध है –
(A) धारा 9 से
(B) धारा 10 से
(C) धारा 11 से
(D) धारा 13 से

73. Identification Pared is relevant under sec ____ of Indian Evidence Act 1872.
(A) Sec 7
(B) Sec 9
(C) Sec 11
(D) Sec 12

73. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा ____ के तहत पहचान परेड़ प्रासंगिक है।
(A) साक्ष्य अधिनियम की धारा 7 में
(B) साक्ष्य अधिनियम की धारा 9 में
(C) साक्ष्य अधिनियम की धारा 11 में
(D) साक्ष्य अधिनियम की धारा 12 में

74. Conduct of the Accused is relevant Under Sec -
(A) Sec 8 Indian Evidence Act
(B) Sec 10 Indian Evidence Act
(C) Sec 11 Indian Evidence Act
(D) Sec 12 Indian Evidence Act

74. अभियुक्त का आचरण सुसंगत है, अर्न्तगत –
(A) धारा 8 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(B) धारा 10 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(C) धारा 11 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(D) धारा 12 भारतीय साक्ष्य अधिनियम

75. For the murder of 'B' by give poison, 'A' is trialed. The fact that before the death of 'B', 'A' procured such poison -

(A) Is Not relevant
(B) Is relevant
(C) Is Partially relevant
(D) Neither relevant non irrelevant

76. Which of the following is not encarparated under Sec 8 of evidence Act for Relevancy ?

(A) Motive
(B) Intention
(C) Preparation
(D) Conduct

77. Will 'the existence of any fact with is in issue' be produced before the court as an evidence ?

(A) Yes
(B) No
(C) Depend on the will of parties
(D) Depend on the order of court

78. The question is, that 'A' kill anyone in Kolkata on a certain day. that fact that on that day he was in Lahore ?

(A) Is Relevant
(B) Is Irrelevant
(C) Is not relevant
(D) None of the above

75. विष द्वारा 'ख' की हत्या करने के लिए 'क' का विचारण किया जाता है। 'ख' की मृत्यु से पूर्व 'क' ने ऐसा विष उपार्जित किया था।

(A) सुसंगत नही है
(B) सुसंगत है
(C) अंशतः सुसंगत है
(D) न तो सुसंगत है न ही विसंगत है।

76. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 में निम्न मे से कौन शब्दावली सुसंगतता हेतु सम्मिलित नही है ?

(A) हेतु
(B) आशय
(C) तैयारी
(D) आचरण

77. क्या किसी विवाधक प्रश्न के अनास्तित्व का साक्ष्य दिया जा सकेगा ?

(A) हाँ
(B) नही
(C) पक्षकार की इच्छा पर निर्भर है
(D) न्यायालय की अनुज्ञा पर निर्भर है

78. प्रश्न यह है कि क्या 'A' ने किसी व्यक्ति की अमुक दिन कोलकता में हत्या की। यह तथ्य कि वह उस दिन लाहौर में था ?

(A) सुसंगत है
(B) बिसंगत है
(C) सुसंगत नही है
(D) इनमें से कोई नही

79. Under which Section of the Evidence Act, the provision relating to plea of Alibi is given.
(A) Sec 8
(B) Sec 9
(C) Sec 10
(D) Sec 11

80. Which one of the section of Indian Evidence Act is based on the principle of Agency ?
(A) Sec 7
(B) Sec 8
(C) Sec 9
(D) Sec 10

81. Which one the following has authority to Conduct Identification Parade ?
(A) Police officer
(B) Magistrate
(C) Any Citizen
(D) Any one of the above

82. Any fact when it is neither proved nor disprove is said to be -
(A) Proved
(B) Not proved
(C) Disproved
(D) None of the above

83. 'The Court believe that fact is not in existence' means -
(A) Proved
(B) Disproved
(C) Not Proved
(D) All the above

79. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में अन्यत्र उपस्थिति संबंधी प्रावधान वर्णित है –
(A) धारा 8
(B) धारा 9
(C) धारा 10
(D) धारा 11

80. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा एजेन्सी (अभिकरण) के सिद्धान्त पर आधारित है ?
(A) धारा 7
(B) धारा 8
(C) धारा 9
(D) धारा 10

81. शिनाख्त परेड़ किसके द्वारा की जाती है ?
(A) पुलिस अधिकारी
(B) मजिस्ट्रेट
(C) कोई भी नागरिक
(D) इनमें से कोई भी

82. कोई तथ्य जब न तो साबित किया गया है और न नासाबित, कहा जायेगा–
(A) साबित
(B) साबित नही हुआ
(C) नासाबित
(D) उपरोक्त कोई नही

83. न्यायालय को यह विश्वास है कि तथ्य अस्तित्व में नही है से अभिप्राय है –
(A) साबित
(B) नासाबित
(C) साबित नही हुआ
(D) उपरोक्त सभी

84. Answer the wrong one. Evidence may be as followes -
(A) Direct and Indirect
(B) Primary and Secondary
(C) Oral and documentary
(D) Procedural and Substantive

84. गलत उत्तर बताइये। साक्ष्य निम्न प्रकार का हो सकता है –
(A) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष
(B) प्राथमिक एवं द्वितीयक
(C) मौखिक एवं दस्तावेजी
(D) प्रक्रियात्मक एवं सारवान

85. Indian Evidence Act – 1872 does not expressly mention -
(A) Oral Evidence
(B) Documentary Evidence
(C) Secondary Evidence
(D) Circumstantial Evidence

85. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख नही करता है –
(A) मौखिक साक्ष्य का
(B) दस्तावेजी साक्ष्य का
(C) द्वितीयक साक्ष्य का
(D) परिस्थित जन्य साक्ष्य का

86. In which of the following examples, Evidence means "A fact in which inference is used as foundation stone"?
(A) Direct evidence
(B) Circumstantial Evidence
(C) (A) and (B) both
(D) None of the above

86. निम्नलिखित मे से किस उदाहरण में साक्ष्य का अर्थ है "एक तथ्य जिसमें एक निष्कर्ष नीव के रूप मे है" ?
(A) प्रत्यक्ष साक्ष्य
(B) परिस्थित जन्य साक्ष्य
(C) (A) और (B) दोनो
(D) उपरोक्त कोई नही

87. Any fact which have force of proof, is called as Evidence," this definition relates with -
(A) Salmond
(B) Steephen
(C) Phipsan
(D) Benthem

87. कोई भी तथ्य प्रमाणकारी बल हो, साक्ष्य कहलाता है। यह परिभाषा संबन्धित है
(A) सामण्ड से
(B) स्टीफन से
(C) फिप्सन से
(D) बेंथम से

88. Writing on metal sheets or stones are -
(A) A fact
(B) A Document
(C) An opinion
(D) A motive

88. धातुपट्ट या शिला पर उत्तकीर्ण लेख –
(A) एक तथ्य है
(B) एक दस्तावेज है
(C) एक राय है
(D) एक हेतुक है

89. Which one of the following is not a document under Indian Evidence Act ?
(A) Writing
(B) Map
(C) Telephonic Conversion
(D) Photograph

90. Affidavit produced before the Court -
(A) Is not an Evidence
(B) Is an Evidence
(C) Is a Written Statement only
(D) Is a proof

91. Which of the following is the part of Evidence Act ?
(A) General rules of Reasonableness
(B) Legal rules of Evidence
(C) Logical rules
(D) All of the above

92. The Statement of one party which denies by the other party is a case is known as-
(A) Negative fact
(B) Relevant fact
(C) Fact is issue
(D) Positive fact

93. Which of the following is a fact ?
(A) Hari Said
(B) Mohan Saw
(C) Ram told a lie
(D) All the above

89. निम्नलिखित मे से कौन भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत 'दस्तावेज' नही है ?
(A) लेख
(B) मानचित्र
(C) टेलीफोन वार्ता
(D) फोटोचित्र

90. न्यायालय को दिया गया शपथ–पत्र –
(A) साक्ष्य नही है
(B) साक्ष्य है
(C) केवल एक लिखित कथन है
(D) एक सबूत है

91. निम्न में कौन–कौन साक्ष्य विधि में सम्मिलित है ?
(A) युक्ति साधारण नियम
(B) साक्ष्य के विधिक नियम
(C) तार्किक नियम
(D) उपरोक्त सभी

92. किसी वाद में एक पक्षकार द्वारा अभिकथित और प्रतिपक्षी द्वारा अस्वीकृत तथ्यों को कहा जाता है –
(A) नकारात्मक तथ्य
(B) सुसंगत तथ्य
(C) विवाधक तथ्य
(D) सकारात्मक तथ्य

93. निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य है ?
(A) हरी ने कहा
(B) मोहन ने देखा
(C) राम ने झूठ बोला
(D) ये सभी

94. Which of the following word is not defined under sec 3 of Indian Evidence Act -
(A) Court
(B) Document
(C) Evidence
(D) Confession

95. According to sec-3 of Indian Evidence Act which one of the following is not come with in the ambit of word 'Court'-
(A) Judge
(B) Magistrate
(C) Arbitrator
(D) Persons who are validity Authorised to give evidence.

96. Indian Evidence Act is applicable on -
(A) Proceeding of administrative Tribunal
(B) Proceeding of Arbitrator.
(C) Proceeding on contempt cases.
(D) None of the above.

97. Which of the following Law is Considered as the basis of Indian Evidence Act 1872 ?
(A) The Law of that place where the work, Crime have been done.
(B) The Law of that place where Inquiry or Investigation had been done.
(C) The Law of that place where parties of the case made compromise.
(D) The Law of that place where proceedings had been conducted in a case (Lex Fori)

94. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द साक्ष्य विधि की धारा 3 मे परिभाषित नही है –
(A) न्यायालय
(B) दस्तावेज
(C) साक्ष्य
(D) संस्वीकृति

95. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 के अनुसार न्यायालय शब्द के अर्न्तगत नहीं आते है –
(A) न्यायाधीश
(B) मजिस्ट्रेट
(C) मध्यस्थ
(D) साक्ष्य देने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत व्यक्ति

96. भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होता है –
(A) प्रशासनिक अभिकरण की कार्यवाही पर
(B) मध्यस्थल की कार्यवाही पर
(C) अवमानना की कार्यवाही पर
(D) उपरोक्त मे से कोई नही

97. निम्न में से कौन सी विधि को भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का आधार माना जाता है ?
(A) उस स्थान की विधि को जिस स्थान पर कार्य किया गया या अपराध किया गया था।
(B) उस स्थान विधि को जहाँ अन्वेषण या जाँच की गयी थी।
(C) उस स्थान की विधि को जहाँ पक्षो ने अपना समाधान ढूढ़ा था
(D) उस स्थान की विधि को जहाँ किसी मामले में कार्यवाहियाँ की जाती है (लेक्स फोरी)

98. Under Indian Evidence Act, Law of Evidence is-
(A) Substantive law
(B) Proceeding Law
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

98. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत साक्ष्य विधि है –
(A) मौलिक विधि
(B) प्रक्रिया विधि
(C) (A) एवं(B)दोनो
(D) उपरोक्त मे से कोई नही

99. Indian Evidence Act 1872 is applicable on-
(A) Proceeding before an arbitrator
(B) Departmental Proceedings
(C) Judicial proceeding before a court
(D) None of the above

99. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 लागू होता है–
(A) मध्यस्थ के समक्ष कार्यवाहियों पर
(B) विभागीय कार्यवाहियो पर
(C) न्यायालय के समक्ष न्यायिक कार्यवाहियो पर
(D) उपरोक्त मे से कोई नही

100. Indian Evidence Act 1872 was enforced on?
(A) 1st March 1872
(B) 1st April 1872
(C) 1st September 1872
(D) 1st October 1872

100. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 प्रवृत हुआ था?
(A) 1 मार्च 1872
(B) 1 अप्रैल 1872
(C) 1 सितम्बर 1872
(D) 1 अक्टूबर 1872

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.